# बिहार सरकार,
## कृषि विभाग

पत्र सं० – जै0प्रो0कों0 (योजना)–62/2018 1382 /कृ0, पटना दिनांक 9/3/ ,2019

प्रेषक,

**रवीन्द्र नाथ राय,**
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार।

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**
बीरचन्द पटेल पथ, पटना।

#अनौपचारिक रूप से परामर्शित

#द्वारा – वित्त विभाग, बिहार, पटना।

विषय– **जैविक खेती प्रोत्साहन योजनान्तर्गत राज्य स्कीम मद से पक्का वर्मी कम्पोस्ट निर्माण इकाई, गोबर गैस, व्यवसायिक स्तर पर वर्मी कम्पोस्ट/जैव उर्वरक उत्पादन इकाई, हरी खाद अन्तर्गत ढ़ैंचा बीज वितरण तथा बीजोपचार कार्यक्रम का वित्तीय वर्ष 2018–19 में कुल 1463.87 लाख (चौदह करोड़ तीरसठ लाख सतासी हजार) रूपये की योजना कार्यान्वयन तथा निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : **स्वीकृत।**

जैविक खेती प्रोत्साहन योजनान्तर्गत राज्य स्कीम मद से पक्का वर्मी कम्पोस्ट निर्माण इकाई, गोबर गैस, व्यवसायिक स्तर पर वर्मी कम्पोस्ट/जैव उर्वरक उत्पादन इकाई, हरी खाद अन्तर्गत ढ़ैंचा बीज वितरण तथा बीजोपचार कार्यक्रम का वित्तीय वर्ष 2018–19 में कुल 1463.87 लाख (चौदह करोड़ तीरसठ लाख सतासी हजार) रूपये की योजना कार्यान्वयन तथा निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. कृषि रोड मैप में जैविक खेती के आयामों को बढ़ावा देने के लिए जैविक खेती प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 38 जिलों में योजना कार्यान्वित की जायेगी। वित्तीय वर्ष, 2018–19 के लिए कार्यक्रमवार स्वीकृत भौतिक लक्ष्य निम्न प्रकार है:–

| कार्यक्रम का विवरण | इस कार्यक्रम अन्तर्गत प्रस्तावित भौतिक लक्ष्य |
|---|---|
| पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई निर्माण (सं0 में) | 15830 |
| गोबर गैस (सं0 में) | 76 |
| व्यावसायिक वर्मी कम्पोस्ट (सं0 में) | 20 |
| व्यावसायिक जैव उर्वरक (सं0 में) | 1 |
| हरी खाद अन्तर्गत ढ़ैंचा बीज वितरण (हे0 में) | 30500 |
| बीजोपचार सामग्री (हे0 में) | 100000 |

3. योजना में शामिल कार्यमदों एवं देय अनुदान राशि का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है:–

- **पक्का वर्मी कम्पोस्ट निर्माण इकाई:–** वर्मी कम्पोस्ट मिट्टी में पोषक तत्वों की समेकित रूप से उपलब्धता तथा जल धारण क्षमता को बढ़ाता है। वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन में वृद्धि के लिए किसानों को 75 घन फीट क्षमता के स्थायी उत्पादन इकाई (पक्का वर्मी कम्पोस्ट निर्माण इकाई)

Target 15-16-SWS

पर मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 5000 रू0 प्रति इकाई की दर से अनुदान देय होगा। एक किसान को अधिक से अधिक 05 इकाई के निर्माण के लिए अनुदान का लाभ दिया जायेगा।

- **गोबर गैसः**— इसके प्रोत्साहन के लिए किसानों को अनुदान राशि दी जायेगी। गोबर गैस को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 02 एवं 03 घनमीटर के संयंत्र पर अनुदान दिया जायेगा। 02 घनमीटर क्षमता पर लागत मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 21,000 रू0 एवं 03 घनमीटर क्षमता पर लागत मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 25,000 रू0 प्रति इकाई की दर से अनुदान देय होगा। संयंत्र की स्थापना के लिए टर्न–की राशि सर्विस प्रोवाईडर को 1,500 रूपये प्रति इकाई पूर्व की तरह सहायता देने का प्रावधान है। इस राशि का भुगतान किसानों के संयंत्र स्थापना के पश्चात् दिये गये संतुष्टि पत्र के आधार पर किया जायेगा। गोबर गैस इकाई के लिए देय अनुदान की राशि किसानों के खाते में स्थानान्तरण के पश्चात् ही सर्विस प्रोवाईडर को टर्न–की की राशि भुगतेय होगी।
- **व्यवसायिक वर्मी कम्पोस्ट इकाईः**— व्यावसायिक स्तर पर वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्यमी / सरकारी प्रतिष्ठानों / सरकारी नियंत्रण में चल रहे निबंधित गौशालाओं को प्रोत्साहित किया जायेगा। व्यवसायिक स्तर पर वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन इकाई की स्थापना हेतु निजी उद्यमी / कृषि कार्य से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं को प्रतिवर्ष 1000, 2000 एवं 3000 मे0 टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता के लिए लागत मूल्य का 40 प्रतिशत अधिकतम 6.40, 12.80 एवं 20.00 लाख रूपये क्रमशः अनुदान देने का प्रावधान किया गया है, जो दो किस्तों में देय होगा। प्रथम अनुदान राशि उत्पादन क्षमता का कम–से–कम 50 प्रतिशत उत्पादन करने के उपरांत देय होगा अर्थात् कुल अनुदान राशि का प्रथम वार में 50 प्रतिशत राशि देय होगा तथा शेष अनुदान राशि लगातार कार्य करने के उपरांत 5 वर्ष पूर्ण होने एवं पूर्ण उत्पादन क्षमता पर देय होगा। दिनांक–05.12.2013 के पूर्व से स्वीकृत प्रतिवर्ष 1000, 2000 एवं 3000 मे0 टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता के लिए लागत मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 08.00, 16.00 एवं 25.00 लाख रूपये क्रमशः अनुदान देने का प्रावधान किया गया है।
- **व्यवसायिक जैव उर्वरकः**— पोषक तत्वों को जमीन में स्थिर करने तथा इसे पौधों को उपलब्ध कराने में उपयोगी है। व्यवसायिक जैव उर्वरक उत्पादन इकाईयों की स्थापना हेतु अनुदान दर की स्वीकृति दी गई है। व्यावसायिक जैव उर्वरक इकाई में उद्यमी / कृषि कार्य से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं को प्रतिवर्ष 600 मे0 टन उत्पादन क्षमता के लिए लागत मूल्य का 40 प्रतिशत अधिकतम 64 लाख रूपये अनुदान देने का प्रावधान किया गया है, जो तीन किस्तों में देय होगा। पूर्ण सरकारी प्रतिष्ठानों को प्रतिवर्ष 600 मे0 टन उत्पादन क्षमता का व्यवसायिक जैव उर्वरक इकाई के लिए लागत मूल्य का शत्–प्रतिशत अधिकतम 160 लाख रूपये अनुदान देने का प्रावधान किया गया है।
- **हरी चादर अन्तर्गत ढ़ैंचा बीज वितरणः**— इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भूमि में जीवाश्म एवं कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ाने हेतु ढ़ैंचा की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन गरमा, 2018 ( अप्रील–मई) में किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में ढ़ैंचा बीज 90 प्रतिशत अनुदान पर बिहार राज्य बीज निगम द्वारा किसानों को उपलब्ध कराया जा चुका है। अनुदान की राशि बीज राज्य बीज निगम को भुगतान किया जाना है। वर्ष 2018–19 ढ़ैचा बीज वितरण का जिलावार भौतिक लक्ष्य एवं उपलब्धि **अनुसूची–03** के रूप में संलग्न है। हरी चादर योजनान्तर्गत अनुदान की राशि की निकासी कृषि निदेशक द्वारा बिहार राज्य बीज निगम से पूर्व प्राप्ति रसीद के आधार पर की जायेगी तथा उसे बिहार राज्य बीज निगम के पी0एल0 खाता संख्या 271 मे आंतरित की जायेगी।

- **बीजोपचार हेतु जैविक उपादानः–** उन्नतशील प्रभेदों के लिए प्रत्येक तीन साल में बीज बदलने की सलाह किसानों को दी जाती है। अगले दो मौसम में उसी बीज को लगाने की सलाह किसानों को दी जाती है। उन बीजों तथा किसानों द्वारा प्रयुक्त स्वयं के बीज को उपचारित करने हेतु जैविक उपादान के माध्यम से बीज टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान धान, गेंहूँ एवं दलहन के टाल क्षेत्र में फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए चलाया जायेगा। यह कार्यक्रम सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण द्वारा किया जायेगा। किसानों को बीजोपचार करने पर बीज की मात्रा के अनुरूप अधिकतम 100 रूपये प्रति हे0 अनुदान देय होगा, जो प्रति किसान अधिकतम 02 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए देय होगा। टाल क्षेत्र के किसान को अधिकतम 05 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए अनुदान देय होगा।
- योजनान्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का लाभ लेने हेतु ईच्छुक किसान द्वारा विहित प्रपत्र में आवेदन तथा वांछित कागजात समर्पित किया जाता है, जिसके उपरांत सभी ईच्छुक किसानों को योजना का लाभ दिया जाता है। किसानों को सभी प्रकार की सहायता किसान मेला लगाकर/शिविर में दिया जायेगा। किसान मेला/शिविर में उत्पाद की गुणवत्ता तथा उपलब्धता जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। किसान आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेता से गुणवत्ता वाले उत्पाद खरीद सकेंगे। योजनांतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में ईच्छुक किसान ऑन–लाईन आवेदन पत्र देंगे। ऑन–लाईन आवेदन नहीं हो पाने की स्थिति में ऑफ–लाईन भी आवेदन लिये जा सकेंगे।

4. योजना के अधीन कार्यमदों यथा– पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई निर्माण, गोबर गैस इकाई को जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कार्यान्वित किया जायेगा। बीजोपचार कार्यक्रम का कार्यान्वयन सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी के निगरानी में किया जायेगा।
5. गत वर्ष से स्वीकृत व्यवसायिक वर्मी कम्पोस्ट इकाई/जैव उर्वरक उत्पादन इकाई का अनुदान का भुगतान वित्तीय वर्ष 2018–19 की स्वीकृत राशि से किया जा सकेगा जिसके लिए 150 लाख रू0 व्यवसायिक वर्मी कम्पोस्ट कार्यक्रम तथा 25 लाख रू0 व्यवसायिक जैव उर्वरक उत्पादन इकाई कार्यक्रम में प्रावधान किया गया है।
6. वित्तीय वर्ष 2018–19 में जैविक खेती प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई तथा गोबर गैस कार्यक्रम में अनुदान की राशि में परिवर्तन किया गया है। वर्ष 2017–18 में पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई पर अनुदान राशि लागत मूल्य का 40 प्रतिशत अधिकतम 4000 रू0/इकाई स्वीकृत था जिसके स्थान पर वर्ष 2018–19 में अनुदान राशि लागत मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 5000 रू0/इकाई स्वीकृत किया गया है। वर्ष 2017–18 में 02 घनमीटर गोबर गैस संयंत्र पर अनुदान राशि लागत मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 19000 रू0 स्वीकृत था जिसके स्थान पर वर्ष 2018–19 में अनुदान राशि 50 प्रतिशत अधिकतम 21,000 रू0 स्वीकृत किया गया है। साथ ही वर्ष 2018–19 में 03 घनमीटर गोबर गैस संयंत्र पर लागत मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 25000 रू0 का स्वीकृत किया गया है। पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई में अनुदान राशि में वृद्धि विभागीय यूनिट कॉस्ट कमिटी के निर्णय के आलोक में किया गया है तथा गोबर गैस इकाई में 02 एवं 03 घनमीटर के लिए प्राप्त प्राक्कलन के आलोक में यूनिट कॉस्ट कमिटी द्वारा निर्धारित अनुदान को अधिकतम सीमा क्रमशः 21,000 एवं 25,000 रू0 प्रति इकाई स्वीकृत किया गया है।
7. योजना एवं विकास विभाग द्वारा इस योजना हेतु सामान्य, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों के लिए क्रमशः 83, 16 एवं 1 प्रतिशत के अनुसार वित्तीय उद्व्यय निर्धारित किया गया है। संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा इसी समानुपात में श्रेणीवार राशि की निकासी एवं व्यय किया जायेगा।

8. योजनांतर्गत कार्यक्रमवार लक्ष्य से संबंधित विवरणी **अनुसूची–04** पर संलग्न हैं तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारीवार तथा कोटिवार कुल वित्तीय लक्ष्य **अनुसूची–05** पर संलग्न है।
9. जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे तथा राज्य स्तर पर कृषि निदेशक, बिहार, पटना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।
10. योजना का कार्यान्वयन प्रशासी विभाग द्वारा निर्धारित कार्यान्वयन अनुदेश एवं राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेश के अनुसार किया जायेगा।
11. योजनान्तर्गत लाभुकों को कृषि विभाग के द्वारा संचालित पोर्टल (dbtagriculture.bihar.gov.in) पर अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। किसानों को भुगतेय सभी अनुदान उनके खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से स्थानान्तरित की जायेगी। किसानों के सभी प्रकार के भुगतान आधार कार्ड लिंक बैंक एकाउन्ट में ही किया जायेगा।
12. व्यय के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रशासी विभाग को संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
13. योजना कार्यान्वयन में आवश्यकता होने पर जिला स्तर पर निर्धारित वित्तीय लक्ष्य के अन्तर्गत एक घटक से दूसरे घटक में लक्ष्य का अन्तरपरिवर्तन किया जा सकेगा।
14. वितीय वर्ष 2018–19 में बजट शीर्ष एवं उपबंधित एवं स्वीकृत राशि से संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है:–

(राशि–लाख रूपये में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–105–खाद तथा उर्वरक, मांग सं0–01, उप शीर्ष –0106–जैविक खेती का उन्नयन, विपत्र कोड 01-2401001050106 विषय शीर्ष 0106.33.01 सब्सिडी | 9034.48858 | 1215.0121 |
| मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, मांग सं0–01, उप शीर्ष –0126–जैविक खेती का उन्नयन, विपत्र कोड 01-2401007890126 विषय शीर्ष 0126.33.01 सब्सिडी | 1741.58816 | 234.2192 |
| मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना मांग सं0–01, उप शीर्ष–0148–जैविक खेती का उन्नयन, विपत्र कोड 01-2401007960148 विषय शीर्ष 0148.33.01 सब्सिडी | 108.84926 | 14.6387 |
| कुल | **10884.926** | **1463.87** |

15. वित्त विभाग संकल्प सं0 3758 दिनांक 31.05.2017 में निहित प्रावधान के आलोक में उक्त योजना के कार्यान्वयन में स्थायी वित्त समिति की अनुशंसा दिनांक 08.03.2019 की बैठक में प्राप्त है, जिसकी कार्रवाई संचिका सं0– जै0प्रो0को0 (योजना)–62/2018 के पृ0 सं0–68/प0 पर रक्षित है। वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि० (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।
16. राज्यादेश प्रारूप पर माननीय कृषि मंत्री का अनुमोदन संचिका सं0– जै0प्रो0को0 (योजना)–62/2018 के 14/टि0 पर दिनांक–09.03.2019 को प्राप्त है।

17. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–जै0प्रो0को0 (योजना)–62/2018 के पृ0–16/टि0 पर दिनांक–09.03.2019 को प्राप्त है, जिसका डायरी सं0–78 दिनाक 09.03.2019 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
9.3.19
(रवीन्द्र नाथ राय)
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक – जै0प्रो0को0 (योजना)–62/2018 1382 /कृ0, पटना दिनांक 09/03/2019

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), बिहार वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.3.19
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक – जै0प्रो0को0 (योजना)–62/2018 1382 /कृ0, पटना दिनांक 09/03/2019

प्रतिलिपिः– योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.3.19
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक – जै0प्रो0को0 (योजना)–62/2018 1382 /कृ0, पटना दिनांक 09/03/2019

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.3.19
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक – जै0प्रो0को0 (योजना)–62/2018 1382 /कृ0, पटना दिनांक 09/03/2019

प्रतिलिपिः– सभी कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.3.19
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक – जै0प्रो0को0 (योजना)–62/2018 1382 /कृ0, पटना दिनांक 09/03/2019

प्रतिलिपि– माननीय कृषि मंत्री के आप्त सचिव/ कृषि उत्पादन आयुक्त के आप्त सचिव, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, राष्ट्रीय बागवानी मिशन/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम लि0/सभी जिला कृषि पदाधिकारी/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य)/सभी सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण/मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारीगण/ बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय), कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उप निदेशक (शष्य) सूचना/आई0टी0 मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने एवं सभी कोषागार पदाधिकारी/सभी संबंधित पदाधिकारियों को ई–मेल से भेजने हेतु अनुलग्नक के साथ प्रेषित।

9.3.19
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

Target 15-16-SWS

*अनुसूची–01*

# जैविक खेती प्रोत्साहन योजना वर्ष 2018–19 के लिए कार्यक्रमवार स्वीकृत भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य

वित्तीय – लाख रू० में

| क्रं० | योजना का नाम | इकाई | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई | सं0 में | 15830 | 791.50 |
| 2 | गोबर गैस | सं0 में | 76 | 17.10 |
| 3 | व्यवसायिक वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन इकाई के लिए गत वर्ष का बकाया राशि | सं0 में | 20 | 150.00 |
| 4 | व्यवसायिक जैव उर्वरक उत्पादन इकाई के लिए गत वर्ष का बकाया राशि | सं0 में | 1 | 25.00 |
| 5 | हरी खाद अन्तर्गत ढैंचा बीज वितरण | हे0 में | 30500 | 395.28 |
| 6 | बीज टिकारकरण अभियान | | | |
| I | बीजोपचार सामग्री | हे0 में | 100000 | 70.40 |
| II | आकस्मिक व्यय | | | 14.59 |
| कुल | | वित्तीय (लाख रू. में) | | **1463.8700** |

अनुसूची–02

## जैविक खेती प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2018–19 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का विस्तृत विवरणी

| क्रं | मद का नाम | लाभुक श्रेणी | क्षमता एवं ब्योरा | अनुदान सीमा एवं दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पक्का वर्मी कम्पोस्ट निर्माण इकाई | किसान एवं कृषक समूह | (10'x3'x2.5 ') = 75 cft. | लागत मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 5000.00 रू0 प्रति इकाई |
| 2 | व्यावसायिक स्तर पर वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन इकाई | उद्यमी / सहकारी संस्था / कम्पनी / कृषक समूह / गैर सरकारी संस्था / स्वयं सहायता समूह / कृषि विज्ञान केन्द्र / पूर्ण सरकारी संस्था | 1000 मे0टन (प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता) | (क) गैर सरकारी प्रतिष्ठानो / स्वयंसेवी संस्था / उद्यमी को परियोजना के कुल लागत मूल्य 16.00 लाख रूपये का 40 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 6.40 लाख प्रति इकाई एवं दिनांक–05.12.2013 के पूर्व से स्वीकृत परियोजना के कुल लागत मूल्य 16.00 लाख रू0 का 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 08.00 लाख रू0। |
| | | | 2000 मे0टन (प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता) | (क) गैर सरकारी प्रतिष्ठानो / स्वयंसेवी संस्था / उद्यमी को परियोजना के कुल लागत मूल्य 32.00 लाख रूपये का 40 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 12.80 लाख प्रति इकाई एवं दिनांक–05.12.2013 के पूर्व से स्वीकृत परियोजना के कुल लागत मूल्य 32.00 लाख रू0 का 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 16.00 लाख रू0। |
| | | | 3000 मे0टन (प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता) | (क) गैर सरकारी प्रतिष्ठानो / स्वयंसेवी संस्था / उद्यमी को परियोजना के कुल लागत मूल्य 50.00 लाख रूपये का 40 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 20.00 लाख प्रति इकाई एवं दिनांक–05.12.2013 के पूर्व से स्वीकृत परियोजना के कुल लागत मूल्य 50.00 लाख रू0 का 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 25.00 लाख रू0। |
| 3 | व्यवसायिक जैव उर्वरक | उद्यमी / सहकारी संस्था / कम्पनी / कृषक समूह / गैर सरकारी संस्था / स्वयं सहायता समूह / कृषि विज्ञान केन्द्र / पूर्ण सरकारी संस्था | 600 मे0टन (प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता) | (क) गैर सरकारी प्रतिष्ठानो / स्वयंसेवी संस्था / उद्यमी को परियोजना के कुल लागत मूल्य 160.00 लाख रूपये का 40 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 64.00 लाख प्रति इकाई। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | गोबर गैस | किसान एवं कृषक समूह | 2 घन मीटर | लागत मूल्य 42,000 रू0 का 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 21,000 रूपये। |
| | | | 3 घन मीटर | लागत मूल्य 50,000 रू0 का 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 25,000 रूपये। |
| 5 | हरी खाद अन्तर्गत ढ़ैंचा बीज वितरण | किसान | 20 किग्रा0 / हे0 अधिकतम 1 हे0 के लिए | लागत मूल्य का 90 प्रतिशत। |
| 6 | बीजोपचार सामग्री | किसान | प्रति किसान अधिकतम 02 हे0 के लिए<br>टाल क्षेत्र के कृषकों को अधिकतम 05 हे0 के लिए | बीज की मात्रा के अनुरूप अधिकतम 100 रूपये प्रति हे0 अनुदान देय होगा। |

अनुसूची–03

# हरी खाद योजना गरमा 2018 अन्तर्गत ढैंचा बीज उपलब्धता, वितरण, आच्छादन तथा व्यय संबंधी प्रतिवेदन

(मात्रा– क्वीं0 में, आच्छादन– हे0 में)

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | ढैंचा बीज वितरण लक्ष्य | निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये ढैंचा बीज की मात्रा | आच्छादन का लक्ष्य | वितरित मात्रा | अवशेष मात्रा | आच्छादित क्षेत्रफल | लाभांवित किसान की सं0 | | | | कुल अनुदान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | Gen. | SC | ST | कुल | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | पटना | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 1500 | 375 | 0 | 1875 | 12.960 |
| 2 | नालन्दा | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 2120 | 840 | 170 | 0 | 188 | 12.960 |
| 3 | भोजपुर | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 1079 | 221 | 0 | 1300 | 12.960 |
| 4 | बक्सर | 150 | 150 | 750 | 150 | 0 | 750 | 1074 | 205 | 0 | 1279 | 9.720 |
| 5 | रोहतास | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 1432 | 267 | 9 | 1708 | 12.960 |
| 6 | कैमूर | 200 | 100 | 500 | 50 | 50 | 125 | | | | 0 | 6.480 |
| 7 | गया | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 1098 | 326 | 0 | 1424 | 12.960 |
| 8 | जहानाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.000 |
| 9 | अरवल | 100 | 100 | 500 | 100 | 0 | 0 | 1051 | 197 | 12 | 1260 | 6.480 |
| 10 | नवादा | 400 | 400 | 2000 | 400 | 0 | 2000 | 2786 | 584 | 0 | 3370 | 25.920 |
| 11 | औरंगाबाद | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | | | | 0 | 12.960 |
| 12 | भागलपुर | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12.960 |
| 13 | बांका | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 2120 | 840 | 170 | 20 | 1030 | 12.960 |
| 14 | मुंगेर | 200 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | | 0 | 0.000 |
| 15 | जमुई | 200 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.000 |
| 16 | लखीसराय | 150 | 150 | 750 | 150 | 0 | | | | | 0 | 9.720 |
| 17 | शेखपुरा | 100 | 100 | 500 | 25 | 75 | 0 | 105 | 0 | 0 | 105 | 6.480 |
| 18 | सारण | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.000 |
| 19 | सिवान | 200 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.000 |
| 20 | गोपालगंज | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.000 |
| 21 | मुजफ्फरपुर | 400 | 400 | 2000 | 393 | 8 | 1962 | 4071 | 785 | 50 | 4906 | 25.920 |
| 22 | वैशाली | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 1287 | 263 | 0 | 1550 | 12.960 |
| 23 | सीतामढ़ी | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 1444 | 216 | 0 | 1660 | 12.960 |
| 24 | शिवहर | 100 | 100 | 500 | 100 | 0 | 500 | 565 | 109 | 6 | 680 | 6.480 |
| 25 | पूर्वी चम्पारण | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 2075 | 425 | 0 | 2500 | 12.960 |
| 26 | पश्0ि चम्पारण | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | | | | | 0 | 12.960 |
| 27 | दरभंगा | 200 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.000 |
| 28 | मधुबनी | 400 | 400 | 2000 | 400 | 0 | 2000 | 2764 | 533 | 33 | 3330 | 25.920 |
| 29 | समस्तीपुर | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 2100 | 400 | 0 | 2500 | 12.960 |
| 30 | बेगुसराय | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 2500 | 2100 | 400 | 0 | 2500 | 12.960 |
| 31 | सहरसा | 150 | 150 | 750 | 150 | 0 | 750 | 1598 | 308 | 19 | 1925 | 9.720 |
| 32 | सुपौल | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 1375 | 250 | 35 | 1660 | 12.960 |
| 33 | मधेपुरा | 150 | 150 | 750 | 150 | 0 | 750 | 934 | 180 | 11 | 1125 | 9.720 |
| 34 | खगड़िया | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 505 | 205 | 0 | 710 | 12.960 |
| 35 | पुर्णिया | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 2500 | 2330 | 450 | 30 | 2810 | 12.960 |
| 36 | किशनगंज | 150 | 150 | 750 | 150 | 0 | 1875 | 1556 | 300 | 19 | 1875 | 9.720 |
| 37 | अररिया | 150 | 150 | 750 | 150 | 0 | 750 | 623 | 120 | 8 | 750 | 9.720 |
| 38 | कटिहार | 200 | 200 | 1000 | 200 | 0 | 1000 | 2079 | 372 | 49 | 2500 | 12.960 |
| योग | | **7000** | **6100.00** | **30500.00** | **5967.50** | **132.50** | **33702.00** | **39211** | **7831** | **301** | **46520** | **395.280** |

BRBN में स्वीकृत मूल्य दर– 7200 रू0 प्रति क्वीं0, अनुदान– 90 प्रतिशत

नोट–जैविक खेती प्रोत्साहन याजनान्तर्गत वर्ष 2018–19 की योजना स्वीकृति के उपरांत ढ़ैंचा बीज के अनुदान की राशि का भुगतान बिहार राज्य बीज निगम को किया जायेगा।

अनुसूची–04

# जैविक खेती प्रोत्साहन योजना वर्ष 2018–19 का राज्य योजना के अधीन भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य का निर्धारण

वित्तीय इकाई–लाख रू० में

| क्र० सं० | जिला का नाम | पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई | | गोबर गैस | | व्यवसायिक वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन इकाई के लिए गत वर्ष का बकाया राशि | | व्यवसायिक जैव उर्वरक उत्पादन इकाई के लिए गत वर्ष का बकाया राशि | | हरी खाद अन्तर्गत ढैंचा बीज वितरण | | कुल वित्तीय लक्ष्य (1–12) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य (सं० में) | वित्तीय लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य (सं० में) | वित्तीय लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य (सं० में) | . वित्तीय लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य (सं० में) | वित्तीय लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य (हें० में) | वित्तीय लक्ष्य | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | कृषि निदेशक | 0 | 0.0000 | 0 | 0.00 | 20 | 150.00 | 1 | 25.00 | 30500 | 395.28 | 570.2800 |
| 2 | जिला कृषि पदाधिकारी, पटना | 0 | 0.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 0.0000 |
| 3 | जिला कृषि पदाधिकारी, नालंदा | • 0 | 0.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 0.0000 |
| 4 | जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर | 400 | 20.0000 | 5 | 1.1250 | | | | | | | 21.1250 |
| 5 | जिला कृषि पदाधिकारी, बक्सर | 300 | 15.0000 | 5 | 1.1250 | | | | | | | 16.1250 |
| 6 | जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास | 400 | 20.0000 | 5 | 1.1250 | | | | | | | 21.1250 |
| 7 | जिला कृषि पदाधिकारी, भभुआ | 300 | 15.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 15.0000 |
| 8 | जिला कृषि पदाधिकारी, गया | 600 | 30.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 30.0000 |
| 9 | जिला कृषि पदाधिकारी, जहानाबाद | 200 | 10.0000 | 7 | 1.5750 | | | | | | | 11.5750 |
| 10 | जिला कृषि पदाधिकारी, अरवल | 100 | 5.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 5.0000 |
| 11 | जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा | 400 | 20.0000 | 8 | 1.8000 | | | | | | | 21.8000 |
| 12 | जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद | 500 | 25.0000 | 8 | 1.8000 | | | | | | | 26.8000 |
| 13 | जिला कृषि पदाधिकारी, सारण | 600 | 30.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 30.0000 |
| 14 | जिला कृषि पदाधिकारी, सिवान | 600 | 30.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 30.0000 |
| 15 | जिला कृषि पदाधिकारी, गोपालगंज | 0 | 0.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 0.0000 |
| 16 | जिला कृषि पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर | 800 | 40.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 40.0000 |
| 17 | जिला कृषि पदाधिकारी, पू० चंपारण | 800 | 40.0000 | 5 | 1.1250 | | | | | | | 41.1250 |
| 18 | जिला कृषि पदाधिकारी, पं० चंपारण | 800 | 40.0000 | 8 | 1.8000 | | | | | | | 41.8000 |
| 19 | जिला कृषि पदाधिकारी, सीतामढ़ी | 800 | 40.0000 | 4 | 0.9000 | | | | | | | 40.9000 |
| 20 | जिला कृषि पदाधिकारी, शिवहर | 130 | 6.5000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 6.5000 |
| 21 | जिला कृषि पदाधिकारी, वैशाली | 700 | 35.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 35.0000 |
| 22 | जिला कृषि पदाधिकारी, दरभंगा | 700 | 35.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 35.0000 |
| 23 | जिला कृषि पदाधिकारी, मधुबनी | 800 | 40.0000 | 8 | 1.8000 | | | | | | | 41.8000 |
| 24 | जिला कृषि पदाधिकारी, समस्तीपुर | 800 | 40.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 40.0000 |
| 25 | जिला कृषि पदाधिकारी, बेगुसराय | 600 | 30.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 30.0000 |
| 26 | जिला कृषि पदाधिकारी, मुंगेर | 200 | 10.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 10.0000 |
| 27 | जिला कृषि पदाधिकारी, लखीसराय | 100 | 5.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 5.0000 |
| 28 | जिला कृषि पदाधिकारी, शेखपुरा | 100 | 5.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 5.0000 |
| 29 | जिला कृषि पदाधिकारी, जमुई | 400 | 20.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 20.0000 |
| 30 | जिला कृषि पदाधिकारी, भागलपुर | 500 | 25.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 25.0000 |
| 31 | जिला कृषि पदाधिकारी, बाँका | 400 | 20.0000 | 8 | 1.8000 | | | | | | | 21.8000 |
| 32 | जिला कृषि पदाधिकारी, सहरसा | 300 | 15.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 15.0000 |
| 33 | जिला कृषि पदाधिकारी, सुपौल | 400 | 20.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 20.0000 |
| 34 | जिला कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा | 300 | 15.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 15.0000 |
| 35 | जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्णिया | 500 | 25.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 25.0000 |
| 36 | जिला कृषि पदाधिकारी, किशनगंज | 0 | 0.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 0.0000 |
| 37 | जिला कृषि पदाधिकारी, अररिया | 500 | 25.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 25.0000 |
| 38 | जिला कृषि पदाधिकारी, कटिहार | 500 | 25.0000 | 0 | 0.0000 | | | | | | | 25.0000 |
| 39 | जिला कृषि पदाधिकारी, खगड़िया | 300 | 15.0000 | 5 | 1.1250 | | | | | | | 16.1250 |
| कुल | | 15830 | 791.5000 | 76 | 17.1000 | 20 | 150.00 | 1 | 25.00 | 30500 | 395.28 | 1378.8800 |

अनुसूची–04

# जैविक खेती प्रोत्साहन योजना वर्ष 2018–19 का राज्य योजना के अधीन भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य का निर्धारण

वित्तीय इकाई–लाख रू० में

| क्र० सं० | जिला का नाम | बीजोपचार जैव सामग्री | | | कुल वित्तीय लक्ष्य | योजना का सकल वित्तीय लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य (हे0 में) | वित्तीय लक्ष्य | आकस्मिक व्यय | | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 40 | B/F | | | | | 1378.88 |
| 40 | कृषि निदेशक | 0 | 0 | 0 | 0.00000 | 0.00000 |
| 41 | सहायक निदेशक पौ0सं0, पटना | 2711 | 1.90900 | 0.39500 | 2.30400 | 2.30400 |
| 42 | सहायक निदेशक पौ0सं0, नालंदा | 2945 | 2.07300 | 0.43000 | 2.50300 | 2.50300 |
| 43 | सहायक निदेशक पौ0सं0, भोजपुर | 3487 | 2.45500 | 0.50900 | 2.96400 | 2.96400 |
| 44 | सहायक निदेशक पौ0सं0, बक्सर | 2503 | 1.76200 | 0.36500 | 2.12700 | 2.12700 |
| 45 | सहायक निदेशक पौ0सं0, रोहतास | 4476 | 3.15100 | 0.65300 | 3.80400 | 3.80400 |
| 46 | सहायक निदेशक पौ0सं0, भभुआ | 2609 | 1.83700 | 0.38100 | 2.21800 | 2.21800 |
| 47 | सहायक निदेशक पौ0सं0, गया | 1999 | 1.40700 | 0.29200 | 1.69900 | 1.69900 |
| 48 | सहायक निदेशक पौ0सं0, जहानाबाद | 952 | 0.67000 | 0.13900 | 0.80900 | 0.80900 |
| 49 | सहायक निदेशक पौ0सं0, अरवल | 679 | 0.47800 | 0.09900 | 0.57700 | 0.57700 |
| 50 | सहायक निदेशक पौ0सं0, नवादा | 1877 | 1.32100 | 0.27300 | 1.59400 | 1.59400 |
| 51 | सहायक निदेशक पौ0सं0, औरंगाबाद | 3821 | 2.69000 | 0.55700 | 3.24700 | 3.24700 |
| 52 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सारण | 3281 | 2.31000 | 0.47900 | 2.78900 | 2.78900 |
| 53 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सिवान | 3131 | 2.20400 | 0.45700 | 2.66100 | 2.66100 |
| 54 | सहायक निदेशक पौ0सं0, गोपालगंज | 2773 | 1.95200 | 0.40500 | 2.35700 | 2.35700 |
| 55 | सहायक निदेशक पौ0सं0, मुजफ्फरपुर | 4049 | 2.85000 | 0.59100 | 3.44100 | 3.44100 |
| 56 | सहायक निदेशक पौ0सं0, पू0 चंपारण | 5785 | 4.07300 | 0.84400 | 4.91700 | 4.91700 |
| 57 | सहायक निदेशक पौ0सं0, पं0 चंपारण | 4717 | 3.32100 | 0.68800 | 4.00900 | 4.00900 |
| 58 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सीतामढ़ी | 2514 | 1.77000 | 0.36700 | 2.13700 | 2.13700 |
| 59 | सहायक निदेशक पौ0सं0, शिवहर | 416 | 0.29300 | 0.06100 | 0.35400 | 0.35400 |
| 60 | सहायक निदेशक पौ0सं0, वैशाली | 2311 | 1.62700 | 0.33700 | 1.96400 | 1.96400 |
| 61 | सहायक निदेशक पौ0सं0, दरभंगा | 3202 | 2.25400 | 0.46700 | 2.72100 | 2.72100 |
| 62 | सहायक निदेशक पौ0सं0, मधुबनी | 4286 | 3.01700 | 0.62500 | 3.64200 | 3.64200 |
| 63 | सहायक निदेशक पौ0सं0, समस्तीपुर | 3281 | 2.31000 | 0.47900 | 2.78900 | 2.78900 |
| 64 | सहायक निदेशक पौ0सं0, बेगुसराय | 2200 | 1.54900 | 0.32100 | 1.87000 | 1.87000 |
| 65 | सहायक निदेशक पौ0सं0, मुंगेर | 883 | 0.62200 | 0.12900 | 0.75100 | 0.75100 |
| 66 | सहायक निदेशक पौ0सं0, लखीसराय | 1023 | 0.72000 | 0.14900 | 0.86900 | 0.86900 |
| 67 | सहायक निदेशक पौ0सं0, शेखपुरा | 688 | 0.48400 | 0.10000 | 0.58400 | 0.58400 |
| 68 | सहायक निदेशक पौ0सं0, जमुई | 750 | 0.52800 | 0.10900 | 0.63700 | 0.63700 |
| 69 | सहायक निदेशक पौ0सं0, भागलपुर | 2369 | 1.66800 | 0.34600 | 2.01400 | 2.01400 |
| 70 | सहायक निदेशक पौ0सं0, बाँका | 2403 | 1.69200 | 0.35100 | 2.04300 | 2.04300 |
| 71 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सहरसा | 2111 | 1.48600 | 0.30800 | 1.79400 | 1.79400 |
| 72 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सुपौल | 2712 | 1.90900 | 0.39600 | 2.30500 | 2.30500 |
| 73 | सहायक निदेशक पौ0सं0, मधेपुरा | 2461 | 1.73300 | 0.35900 | 2.09200 | 2.09200 |
| 74 | सहायक निदेशक पौ0सं0, पूर्णिया | 3907 | 2.75100 | 0.57000 | 3.32100 | 3.32100 |
| 75 | सहायक निदेशक पौ0सं0, किशनगंज | 2291 | 1.61300 | 0.33400 | 1.94700 | 1.94700 |
| 76 | सहायक निदेशक पौ0सं0, अररिया | 3497 | 2.46200 | 0.51000 | 2.97200 | 2.97200 |
| 77 | सहायक निदेशक पौ0सं0, कटिहार | 3165 | 2.22800 | 0.46200 | 2.69000 | 2.69000 |
| 78 | सहायक निदेशक पौ0सं0, खगड़िया | 1735 | 1.22100 | 0.25300 | 1.47400 | 1.47400 |
| कुल | | 100000 | 70.400 | 14.590 | 84.990 | 1463.87000 |

अनुसूची–05

जैविक खेती प्रात्साहन योजना 2018–19 का राज्य योजना के तहत् कार्यान्वयन एजेंसी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारीवार श्रेणीवार वित्तीय लक्ष्य का निर्धारण

वित्तीय इकाई–लाख रू0 में।

| क्र0 सं0 | जिला/कार्यान्वयन एजेंसी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम | कुल वित्तीय लक्ष्य | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | सामान्य | वित्तीय लक्ष्य |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कृषि निदेशक | 5.702800 | 91.244800 | 473.332400 | 570.280000 |
| 2 | जिला कृषि पदाधिकारी, पटना | 0.000000 | 0.000000 | 0.000000 | 0.000000 |
| 3 | जिला कृषि पदाधिकारी, नालंदा | 0.000000 | 0.000000 | 0.000000 | 0.000000 |
| 4 | जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर | 0.088680 | 3.380000 | 17.656320 | 21.125000 |
| 5 | जिला कृषि पदाधिकारी, बक्सर | 0.283590 | 2.580000 | 13.261410 | 16.125000 |
| 6 | जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास | 0.194970 | 3.380000 | 17.550030 | 21.125000 |
| 7 | जिला कृषि पदाधिकारी, भभुआ | 0.638090 | 2.400000 | 11.961910 | 15.000000 |
| 8 | जिला कृषि पदाधिकारी, गया | 0.017720 | 4.800000 | 25.182280 | 30.000000 |
| 9 | जिला कृषि पदाधिकारी, जहानाबाद | 0.017720 | 1.852000 | 9.705280 | 11.575000 |
| 10 | जिला कृषि पदाधिकारी, अरवल | 0.017720 | 0.800000 | 4.182280 | 5.000000 |
| 11 | जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा | 0.017720 | 3.488000 | 18.294280 | 21.800000 |
| 12 | जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद | 0.000000 | 4.288000 | 22.512000 | 26.800000 |
| 13 | जिला कृषि पदाधिकारी, सारण | 0.159520 | 4.800000 | 25.040480 | 30.000000 |
| 14 | जिला कृषि पदाधिकारी, सिवान | 0.460840 | 4.800000 | 24.739160 | 30.000000 |
| 15 | जिला कृषि पदाधिकारी, गोपालगंज | 0.000000 | 0.000000 | 0.000000 | 0.000000 |
| 16 | जिला कृषि पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर | 0.017720 | 6.400000 | 33.582280 | 40.000000 |
| 17 | जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण | 0.070900 | 6.580000 | 34.474100 | 41.125000 |
| 18 | जिला कृषि पदाधिकारी, पं0 चंपारण | 1.293900 | 6.688000 | 33.818100 | 41.800000 |
| 19 | जिला कृषि पदाधिकारी, सीतामढ़ी | 0.017720 | 6.544000 | 34.338280 | 40.900000 |
| 20 | जिला कृषि पदाधिकारी, शिवहर | 0.000000 | 1.040000 | 5.460000 | 6.500000 |
| 21 | जिला कृषि पदाधिकारी, वैशाली | 0.017720 | 5.600000 | 29.382280 | 35.000000 |
| 22 | जिला कृषि पदाधिकारी, दरभंगा | 0.017720 | 5.600000 | 29.382280 | 35.000000 |
| 23 | जिला कृषि पदाधिकारी, मधुबनी | 0.017720 | 6.688000 | 35.094280 | 41.800000 |
| 24 | जिला कृषि पदाधिकारी, समस्तीपुर | 0.000000 | 6.400000 | 33.600000 | 40.000000 |
| 25 | जिला कृषि पदाधिकारी, बेगुसराय | 0.017720 | 4.800000 | 25.182280 | 30.000000 |
| 26 | जिला कृषि पदाधिकारी, मुंगेर | 0.283590 | 1.600000 | 8.116410 | 10.000000 |
| 27 | जिला कृषि पदाधिकारी, लखीसराय | 0.141800 | 0.800000 | 4.058200 | 5.000000 |
| 28 | जिला कृषि पदाधिकारी, शेखपुरा | 0.017720 | 0.800000 | 4.182280 | 5.000000 |
| 29 | जिला कृषि पदाधिकारी, जमुई | 0.797610 | 3.200000 | 16.002390 | 20.000000 |
| 30 | जिला कृषि पदाधिकारी, भागलपुर | 0.393490 | 4.000000 | 20.606510 | 25.000000 |
| 31 | जिला कृषि पदाधिकारी, बाँका | 0.779890 | 3.488000 | 17.532110 | 21.800000 |
| 32 | जिला कृषि पदाधिकारी, सहरसा | 0.053170 | 2.400000 | 12.546830 | 15.000000 |
| 33 | जिला कृषि पदाधिकारी, सुपौल | 0.088620 | 3.200000 | 16.711380 | 20.000000 |
| 34 | जिला कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा | 0.106350 | 2.400000 | 12.493650 | 15.000000 |
| 35 | जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्णिया | 0.762160 | 4.000000 | 20.237840 | 25.000000 |
| 36 | जिला कृषि पदाधिकारी, किशनगंज | 0.000000 | 0.000000 | 0.000000 | 0.000000 |
| 37 | जिला कृषि पदाधिकारी, अररिया | 0.248150 | 4.000000 | 20.751850 | 25.000000 |
| 38 | जिला कृषि पदाधिकारी, कटिहार | 1.045760 | 4.000000 | 19.954240 | 25.000000 |
| 39 | जिला कृषि पदाधिकारी, खगड़िया | 0.000000 | 2.580000 | 13.545000 | 16.125000 |
| Total | | 13.788800 | 220.620800 | 1144.470400 | 1378.880000 |

अनुसूची–05

जैविक खेती प्रोत्साहन योजना 2018–19 का राज्य योजना के तहत् कार्यान्वयन एजेंसी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारीवार श्रेणीवार वित्तीय लक्ष्य का निर्धारण

वित्तीय इकाई–लाख रू0 में।

| क्र0 सं0 | जिला/कार्यान्वयन एजेंसी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम | कुल वित्तीय लक्ष्य | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | सामान्य | वित्तीय लक्ष्य |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| | B/F | 13.788800 | 220.620800 | 1144.470400 | 1378.880000 |
| 40 | सहायक निदेशक पौ0सं0, पटना | 0.003260 | 0.368640 | 1.93210 | 2.304000 |
| 41 | सहायक निदेशक पौ0सं0, नालंदा | 0.001630 | 0.400480 | 2.10089 | 2.503000 |
| 42 | सहायक निदेशक पौ0सं0, भोजपुर | 0.008150 | 0.474240 | 2.48161 | 2.964000 |
| 43 | सहायक निदेशक पौ0सं0, बक्सर | 0.026090 | 0.340320 | 1.76059 | 2.127000 |
| 44 | सहायक निदेशक पौ0सं0, रोहतास | 0.017940 | 0.608640 | 3.17742 | 3,804000 |
| 45 | सहायक निदेशक पौ0सं0, भभुआ | 0.058700 | 0.354880 | 1.80442 | 2.218000 |
| 46 | सहायक निदेशक पौ0सं0, गया | 0.001630 | 0.271840 | 1.42553 | 1.699000 |
| 47 | सहायक निदेशक पौ0सं0, जहानाबाद | 0.001630 | 0.129440 | 0.67793 | 0.809000 |
| 48 | सहायक निदेशक पौ0सं0, अरवल | 0.001630 | 0.092320 | 0.48305 | 0.577000 |
| 49 | सहायक निदेशक पौ0सं0, नवादा | 0.001630 | 0.255040 | 1.33733 | 1.594000 |
| 50 | सहायक निदेशक पौ0सं0, औरंगाबाद | 0.000000 | 0.519520 | 2.72748 | 3.247000 |
| 51 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सारण | 0.014680 | 0.446240 | 2.32808 | 2.789000 |
| 52 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सिवान | 0.042400 | 0.425760 | 2.19284 | 2.661000 |
| 53 | सहायक निदेशक पौ0सं0, गोपालगंज | 0.039140 | 0.377120 | 1.94074 | 2.357000 |
| 54 | सहायक निदेशक पौ0सं0, मुजफ्फरपुर | 0.001630 | 0.550560 | 2.88881 | 3.441000 |
| 55 | सहायक निदेशक पौ0सं0, पू0 चंपारण | 0.006520 | 0.786720 | 4.12376 | 4.917000 |
| 56 | सहायक निदेशक पौ0सं0, पं0 चंपारण | 0.119040 | 0.641440 | 3.24852 | 4.009000 |
| 57 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सीतामढ़ी | 0.001630 | 0.341920 | 1.79345 | 2.137000 |
| 58 | सहायक निदेशक पौ0सं0, शिवहर | 0.000000 | 0.056640 | 0.29736 | 0.354000 |
| 59 | सहायक निदेशक पौ0सं0, वैशाली | 0.001630 | 0.314240 | 1.64813 | 1.964000 |
| 60 | सहायक निदेशक पौ0सं0, दरभंगा | 0.001630 | 0.435360 | 2.28401 | 2.721000 |
| 61 | सहायक निदेशक पौ0सं0, मधुबनी | 0.001630 | 0.582720 | 3.05765 | 3.642000 |
| 62 | सहायक निदेशक पौ0सं0, समस्तीपुर | 0.000000 | 0.446240 | 2.34276 | 2.789000 |
| 63 | सहायक निदेशक पौ0सं0, बेगुसराय | 0.001630 | 0.299200 | 1.56917 | 1.870000 |
| 64 | सहायक निदेशक पौ0सं0, मुंगेर | 0.026090 | 0.120160 | 0.60475 | 0.751000 |
| 65 | सहायक निदेशक पौ0सं0, लखीसराय | 0.013050 | 0.139040 | 0.71691 | 0.869000 |
| 66 | सहायक निदेशक पौ0सं0, शेखपुरा | 0.001630 | 0.093440 | 0.48893 | 0.584000 |
| 67 | सहायक निदेशक पौ0सं0, जमुई | 0.073380 | 0.101920 | 0.46170 | 0.637000 |
| 68 | सहायक निदेशक पौ0सं0, भागलपुर | 0.036200 | 0.322240 | 1.65556 | 2.014000 |
| 69 | सहायक निदेशक पौ0सं0, बॉका | 0.071750 | 0.326880 | 1.64437 | 2.043000 |
| 70 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सहरसा | 0.004890 | 0.287040 | 1.50207 | 1.794000 |
| 71 | सहायक निदेशक पौ0सं0, सुपौल | 0.008150 | 0.368800 | 1.92805 | 2.305000 |
| 72 | सहायक निदेशक पौ0सं0, मधेपुरा | 0.009780 | 0.334720 | 1.74750 | 2.092000 |
| 73 | सहायक निदेशक पौ0सं0, पूर्णिया | 0.070120 | 0.531360 | 2.71952 | 3.321000 |
| 74 | सहायक निदेशक पौ0सं0, किशनगंज | 0.061970 | 0.311520 | 1.57351 | 1.947000 |
| 75 | सहायक निदेशक पौ0सं0, अररिया | 0.022830 | 0.475520 | 2.47365 | 2.972000 |
| 76 | सहायक निदेशक पौ0सं0, कटिहार | 0.096210 | 0.430400 | 2.16339 | 2.690000 |
| 77 | सहायक निदेशक पौ0सं0, खगड़िया | 0.000000 | 0.235840 | 1.23816 | 1.474000 |
| | कुल | 14.638700 | 234.219200 | 1215.012100 | 1463.870000 |